Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to fill the vacant post in Iron Ore mines in Singhbhum.

श्रीमती गीता कोडा (सिंहभूम): माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूं ।

महोदय, इस बार के बजट सत्र में कहा गया है कि 60 लाख नौकरियां दी जाएंगी । मैं जिस क्षेत्र से आती हूं, वहां एक समय में कई आयरन ओर की माइन्स थीं । उनमें अब मात्र तीन-चार आयरन माइन्स ही खुली हैं । उसमें सेल की चार माइन्स, जिनमें गुआ आयरन ओर माइन्स, किरीबुरू आयरन ओर माइन्स, मेगातु आयरन ओर माइन्स और चिरिया आयरन ओर माइन्स हैं ।

महोदय, अभी वहां की स्थिति ऐसी है कि इन चारों यूनिट्स में चार हजार सैंक्शन पोस्ट्स हैं । उसके बावजूद वहां जो परमानेंट जॉब कर रहे हैं, वे केवल 1202 हैं । बाकी, सारे कॉन्ट्रैक्ट लेबर्स हैं । मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहूंगी कि सरकार ने इस वर्ष ऐलान किया है कि 60 लाख नौकरियां दी जाएंगी, तो क्या सरकार इसकी शुरुआत यहां से करना चाहेगी? उन रिक्त पदों पर वहां के स्थानीय बेरोजगारों को क्या सरकार अवसर और प्राथमिकता देगी? रोजगार नहीं होने से वहां के जो स्थानीय शिक्षित बेरोजगार युवक हैं, वे बाहर पलायन करने को मजबूर हैं ।

मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहूंगी कि जल्द से जल्द वहां बहाली निकाली जाए और वहां के स्थानीय लोगों को लिया जाए । बहुत-बहुत धन्यवाद।